# 14 राजस्थान में मराठा हस्तक्षेप एवं उसका प्रभाव

1. वैर का युद्ध किस वर्ष लड़ा गया?
(1) 1805 (2) 1807
(3) 1790 (4) 1748 (1)

**व्याख्या–** 2 अप्रैल, 1805 ई. को लॉर्ड लेक ने होल्कर, सिंधिया तथा अमीर खाँ की संयुक्त सेना को वैर (भरतपुर राज्य) में हराया।

2. किस वर्ष राणोजी सिंधिया व मल्हार राव होल्कर ने जोधपुर राज्य पर आक्रमण कर मेड़ता में लूटमार की व दुर्ग को घेर लिया?
(1) 1730 (2) 1735
(3) 1755 (4) 1790 (2)

**व्याख्या–** जोधपुर शासक अभयसिंह के शासनकाल में उसका भाई बख्तसिंह जोधपुर का राज्य पाने को लालायित था। दोनों भाईयों के तनावपूर्ण सम्बन्धों का फायदा उठाकर 1735 ई. मराठों ने जोधपुर राज्य पर आक्रमण कर मेड़ता में लूटमार की व दुर्ग को घेर लिया। मगर इन्हे ज्यादा सफलता नहीं मिली।

3. मारवाड़ में रामसिंह व बख्त सिंह के मध्य गृहयुद्ध (अप्रैल 1750) के चलते ईश्वरी सिंह (जयपुर) ने किसका साथ दिया?
(1) रामसिंह
(2) बख्तसिंह
(3) पहले रामसिंह के साथ व युद्ध के बीच में ही बख्त सिंह की तरफ मिल गए।
(4) इनमें से किसी का नहीं (1)

**व्याख्या–** बख्त सिंह के साथ मुगल सेनापति मीरबख्शी सलावत खाँ, गजसिंह (बीकानेर) व बहादुर सिंह (किशनगढ़) की संयुक्त सेना व दूसरी तरफ रामसिंह के साथ ईश्वरी सिंह व मराठों की सेना थी। काफी दिन बाद सलावत खाँ ने 7 लाख रुपये लेकर मानसिंह से संधि कर दिल्ली की ओर चला गया।

4. मराठों ने राजस्थान की किस रियासत में सर्वप्रथम उत्तराधिकार को लेकर हस्तक्षेप किया?
(1) मेवाड़ (2) कोटा
(3) डूँगरपुर (4) बूंदी (4)

**व्याख्या–** होल्कर व राणोजी सिंधिया ने 18 अप्रैल, 1734 ई. को बूंदी पर आक्रमण किया।

5. हुरड़ा सम्मेलन किस वर्ष हुआ था?
(1) 1732 (2) 1734
(3) 1736 (4) 1738 (2)

**व्याख्या–** हुरड़ा सम्मेलन 17 जुलाई, 1734 ई. को आयोजित हुआ। इसकी अध्यक्षता मेवाड़ के महाराणा जगतसिंह द्वितीय ने की थी।

6. हुरड़ा सम्मेलन में निम्न में से किस शासक ने भाग नहीं लिया था?
(1) सुजानसिंह (बीकानेर) (2) दुर्जनशाल (कोटा)
(3) बख्तसिंह (जोधपुर) (4) राजसिंह (किशनगढ़) (3)

**व्याख्या–** हुरड़ा सम्मेलन में जगतसिंह द्वितीय (मेवाड), सवाई जयसिंह (जयपुर), अभयसिंह (जोधपुर), दुर्जनशाल (कोटा), सुजानसिंह (बीकानेर), बख्तसिंह (नागौर), दलेलसिंह (बूंदी), गोपालसिंह (करौली), राजसिंह (किशनगढ़) आदि शासकों ने भाग लिया।

7. पेशवा बाजीराव प्रथम पहली बार राजस्थान में किस वर्ष आया था?
(1) 1734 (2) 1736
(3) 1738 (4) 1740 (2)

**व्याख्या–** सवाई जयसिंह के निमंत्रण पर पेशवा बाजीराव प्रथम पहली बार जनवरी, 1736 ई. में उदयपुर आया था। 4 मार्च, 1736 को पेशवा व सवाई जयसिंह के मध्य भंभोला नामक स्थान पर मुलाकात हुई।

8. जयपुर के किस शासक ने सर्वप्रथम मराठों को जयपुर के आन्तरिक मामलों में सैनिक सहायता के लिए आमंत्रित किया?
(1) सवाई जयसिंह (2) ईश्वरीसिंह
(3) माधोसिंह प्रथम (4) सवाई प्रतापसिंह (3)

**व्याख्या–** जामोली समझौते से माधोसिंह संतुष्ट नहीं थे। माधोसिंह इस संघर्ष में मराठों की सहायता लेना चाहता था। उसने मल्हारराव होल्कर को 20 लाख रुपये देने का वचन देकर सैनिक सहायता प्राप्त कर ली। इस प्रकार मराठों ने जयपुर की राजनीति में हस्तक्षेप किया।

9. माधोसिंह प्रथम व ईश्वरीसिंह के मध्य बगरू का युद्ध किस वर्ष हुआ था?
(1) 1748 (2) 1747
(3) 1752 (4) 1787 (1)

**व्याख्या–** बगरू का युद्ध 1 अगस्त, 1748 को हुआ। इस युद्ध में माधोसिंह, मल्हार राव होल्कर, गंगाधर तांतिया, उम्मेद सिंह हाड़ा व कोटा राज्य की संयुक्त सेना ने जयपुर पर आक्रमण किया। इस युद्ध में महाराणा सूरजमल ने ईश्वरी सिंह का साथ दिया, लेकिन ईश्वरी सिंह की हार हुई।

10. जयपुर के किस शासक के समय जयपुर शहर में मराठा सैनिकों का कत्लेआम किया गया?
(1) माधोसिंह प्रथम (2) सवाई प्रतापसिंह
(3) ईश्वरीसिंह (4) सवाई जयसिंह (1)

**व्याख्या–** 10 जनवरी,1751 को 4 हजार मराठा सैनिक जयपुर नगर के मन्दिर व सौंदर्य देखने के लिए नगर में प्रवेश किया। मराठा सैनिकों के अभद्र व्यवहार से परेशान होकर माधोसिंह प्रथम ने मराठों का कत्लेआम करवा दिया।

11. बालाजी विश्वनाथ किस मराठा शासक का पेशवा था?
(1) छत्रपति शिवाजी (2) शिवाजी
(3) साहू (4) मल्हार राव होल्कर (3)

**व्याख्या–** छत्रपति साहू ने 1713 ई. में बालाजी विश्वनाथ को अपना पेशवा नियुक्त किया।

12. मेवाड़ का 'कृष्णा कुमारी विवाद' जो जोधपुर व जयपुर के मध्य हुआ, महाराणा ने किसके कहने पर कृष्णा कुमारी की हत्या करवा दी थी?
(1) जगतसिंह (2) मानसिंह
(3) अमीर खाँ पिण्डारी (4) रसकपुर (3)

**व्याख्या–** अमीर खाँ ने महाराणा भीमसिंह को कहलवाया कि वह कृष्णा कुमारी का विवाह मानसिंह से कर दे या उसकी हत्या कर दे नहीं तो वह मेवाड़ को उजाड़ देगा। भीमसिंह में अमीर खाँ के प्रतिरोध का साहस नहीं था, 21 जुलाई, 1810 को कृष्णा कुमारी ने जहर पीकर आत्महत्या कर ली।

13. पाटन का युद्ध मराठों ने किस राज्य के विरुद्ध लड़ा था, जिसमें मराठों (डी.बोई व लकवा दादा के नेतृत्त्व में) की विजय हुई?
(1) जयपुर (2) जोधपुर
(3) कोटा (4) मेवाड़ (1)

**व्याख्या–** पाटन का युद्ध 20 जून, 1790 मराठों व राजपूतों के बीच हुआ, जिसमें डी. बोईन व लकवा दादा के नेतृत्त्व में मराठों ने जयपुर की सेना पर निर्णायक विजय प्राप्त की।

14. गिंगोली युद्ध के दौरान अमीर खाँ पिण्डारी के बारे में कौनसा कथन सत्य है?
(1) वह मारवाड़ की तरफ से युद्ध लड़ा।
(2) वह जयपुर की ओर से युद्ध लड़ा
(3) वह पहले मारवाड़ की सेना के साथ था लेकिन मतभेद हो जाने के कारण वह जगत सिंह से मिल गया।
(4) इसने गिंगोली युद्ध में भाग नहीं लिया। (2)

**व्याख्या–** गिंगोली का युद्ध जयपुर व जोधपुर रियासतों के मध्य 13 मार्च, 1807 को हुआ था, जिसमें जयपुर के शासक जगतसिंह ने जोधपुर के मानसिंह को परास्त किया।

15. राजमहल का युद्ध (टोंक) माधोसिंह व ईश्वरी सिंह के मध्य कब लड़ा गया?
(1) 1 अप्रैल, 1747 (2) 1 मार्च, 1747
(3) 1 अप्रैल, 1847 (4) 1 मार्च, 1847 (2)

16. माधोसिंह प्रथम ने नवम्बर 1759 के किस युद्ध में मल्हारराव होल्कर को हराया?
(1) तुंगा का युद्ध (2) काकोड़ का युद्ध
(3) जामोली का युद्ध (4) राजमहल का युद्ध (2)

17. मराठों के धनवसूली व लगातार आक्रमणों से परेशान होकर जयपुर के किस शासक ने जोधपुर के शासक विजयसिंह तथा करौली के शिवपुर के शासकों के साथ गठबंधन किया?
(1) ईश्वरी सिंह (2) माधोसिंह
(3) जयसिंह (4) प्रतापसिंह (4)

18. मालपुरा का युद्ध (1790) के बारे में असत्य कथन की पहचान करें–
(1) यह युद्ध मराठों व जयपुर के सवाई प्रतापसिंह के मध्य हुआ।
(2) मराठों ने पोहलमेल और शवेलियर दुर्देनेक को जयपुर पर आक्रमण हेतु भेजा
(3) यह युद्ध अप्रैल 1800 में मालपुरा में हुआ, इसमें मराठों की बुरी हार हुई
(4) जयपुर राज्य ने 9 लाख रुपए युद्ध क्षति चुकाकर मराठों से संधि कर ली। (3)

**व्याख्या–** मालपुरा का युद्ध अप्रैल, 1800 ई. में हुआ, जिसमें मराठों की विजय हुई।

19. जयपुर के शासक ईश्वरी सिंह का राज्याभिषेक हुआ था?
(1) 21 सितम्बर, 1743 (2) 21 सितम्बर, 1742
(3) 21 जनवरी, 1742 (4) 21 जनवरी, 1743 (1)

20. ईश्वरी सिंह (जयपुर) ने अपने ही किस स्वामी भक्त दीवान को विष देकर मरवा दिया था?
(1) गंगाधर (2) केशवदास
(3) माधव दास (4) ईसरदास (2)

21. सवाई जयसिंह को मालवा का तीसरी बार सूबेदार कब नियुक्त किया गया?
(1) 1730 (2) 1713
(3) 1729 (4) 1732 (4)

22. तुंगा का युद्ध कब व किस–किस के मध्य लड़ा गया?
(1) 28 जुलाई, 1887 सवाई प्रतापसिंह व महारानी सिंधिया
(2) 28 जुलाई, 1787 सवाई प्रतापसिंह व विजयसिंह (मारवाड़)
(3) 28 जुलाई, 1787 माधोसिंह व ईश्वरी सिंह
(4) 28 जुलाई, 1787 सवाई प्रतापसिंह व महादजी सिंधिया (4)

23. जयपुर के शासक ईश्वरी सिंह का जन्म 1722 ई. में हुआ, इनकी माता का नाम क्या था?
(1) चन्द्र कुंवर (2) अमर कुंवर
(3) सुरज कुंवर (4) कृष्णा कुमार (3)

24. सवाई जयसिंह ने पेशवा बाजीराव प्रथम से संधि करने का प्रथम असफल प्रयास (1736) किस स्थान पर शिविर लगाकर किया था?
(1) भंभोला (2) मालपुरा
(3) झाड़ली (4) गलताजी (3)

25. मराठों ने सर्वप्रथम 1711 ई. में राजस्थान की किस रियासत में प्रवेश कर धन वसूली की थी?
(1) मेवाड़ (2) कोटा
(3) जयपुर (4) बूँदी (1)

**व्याख्या–** मई, 1711 ई. में मराठों ने प्रथम बार मेवाड़ राज्य के अधीनस्थ क्षेत्र मंदसौर के पास धन वसूली की।


Dhindhwal Publication — Read and Achieve

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –










टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के ल्एि मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।